भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
07.08.2024 के
तारांकित प्रश्न सं. 237 का उत्तर

बदायूं रेलवे स्टेशन से ट्रेनों का संचालन

***237. श्री आदित्य यादव:**

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) बदायूं रेलवे स्टेशन से नई दिल्ली के लिए कुल कितनी रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि हजारों यात्री आगे की यात्रा करने के लिए अन्य स्टेशनों से बदायूं से नई दिल्ली रेलगाड़ी में चढ़ते हैं;

(ग) क्या सरकार का जनहित को ध्यान में रखते हुए नई दिल्ली और बदायूं के बीच कोई मेल/एक्सप्रेस/यात्री रेलगाड़ियां चलाने का विचार है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

बदायूं रेलवे स्टेशन से ट्रेनों के संचालन के संबंध में दिनांक 07.08.2024 को लोक सभा में श्री आदित्य यादव के तारांकित प्रश्न सं. 237 के भाग (क) से (घ) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (घ) वर्तमान में, बदायूँ स्टेशन को 03 जोड़ी मेल/एक्सप्रेस और 04 जोड़ी पैसेंजर रेलगाड़ी सेवाओं द्वारा सेवित किया जा रहा है, जो इसे अन्य स्टेशनों के साथ-साथ मुंबई, सूरत, वडोदरा, आगरा, बरेली आदि से जोड़ती हैं। दिल्ली जाने के लिए, बदायूँ के यात्री बरेली में रेलगाड़ी बदलने की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं, जो 2 जोड़ी राजधानी एक्सप्रेस, 2 जोड़ी एसी एक्सप्रेस, 2 जोड़ी गरीब रथ एक्सप्रेस, 1 जोड़ी महामना एक्सप्रेस और 1 जोड़ी पैसेंजर रेलगाड़ी सेवाओं सहित 31 जोड़ी मेल/एक्सप्रेस रेलगाड़ियों द्वारा दिल्ली से भली-भांति जुड़ा हुआ है। इसके अलावा, भारतीय रेल में नई रेलगाड़ियों की शुरूआत करना यातायात औचित्य, परिचालनिक व्यवहार्यता, संसाधनों की उपलब्धता, प्रतिस्पर्धी मांगों आदि के अध्यधीन, एक सतत प्रक्रिया है।

*****